14 जून 1963 को जन्मे श्री राजीव पुरी वाणिज्य में स्नातकोत्तर तथा एमबीए(वित्त) हैं. उनके पास आईआईबी से ग्रामीण बैंकिंग में डिप्लोमा भी है. वे भारतीय बैंकिंग संस्थान के सर्टिफाइड एसोशिएट भी हैं. वे आईआईएम -बी (9 माह का बीबीबी-एलडीबी प्रशिक्षण) के भूतपूर्व छात्र भी हैं. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यग्रहण करने से पूर्व श्री राजीव पुरी पंजाब नेशनल बैंक में मुख्य महाप्रबंधक थे. वे एक व्यापक अनुभव वाले कुशल बैंकर हैं. उन्होंने देश के विभिन्न भागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया हैं. पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक, क्षेत्र प्रमुख एवं अंचल प्रमुख के रूप में उन्होंने अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं. पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में वे बैंक के एमएसएमई एवं मिड कार्पोरेट, कृषि, रिटेल बैंकिंग एवं वित्तीय समावेशन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के प्रभारी रहे हैं.